Downloaded From : http://cbseportal.com/

**SET – 2**

**Series : GBM/C**

कोड नं.
**Code No. 61/2**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समत : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(1) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(2) प्रश्न संख्या **1** से **3** **दो** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(3) प्रश्न संख्या **4** से **9** **चार** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । विद्यार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(4) *प्रश्न संख्या **10** मूल्य आधारित प्रश्न **अनिवार्य** है, यह प्रश्न भी **चार** अंक का है ।*

(5) *प्रश्न संख्या **11** से **13** **आठ** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(6) *प्रश्न संख्या **14** से **16** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।*

(7) *प्रश्न संख्या **17** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के अन्दर नत्थी करना चाहिए ।*

***General Instructions :***

(1) *Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

(2) *Answer to question nos. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

(3) *Answer to question nos. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words. Students should attempt only **5** questions in this section.*

(4) *Question **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory** question.*

(5) *Answer to question nos. **11** to **13** carrying **8** marks should not exceed **350** words.*

(6) *Questions **14** to **16** are source based questions and have no internal choice.*

(7) *Question **17** is a **Map question** that includes identification and significant test items. Attach the map with the answer sheet.*

## खण्ड – क

## PART – A

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

Answer **all** the questions given below :

1. साँची स्तूप की किन्हीं दो संरचनात्मक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **2**

   State any two structural features of Sanchi Stupa.

2. अकबर ने "सुलह-कुल" के विचार को अपनी राज्य नीतियों द्वारा किस प्रकार कार्यान्वित किया ? कोई दो उदाहरण दीजिए । **2**

   How was Akbar's ideal of 'Sulh-i-Kul' implemented through his state policies ? Give any two examples.

3. 1857 के दौरान लोगों ने अफवाहों और भविष्यवाणियों में विश्वास क्यों किया ? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । **2**



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

Why did people believe in the rumours and prophesies during 1857 ? Explain any two reasons.

**खण्ड – ख**

**PART – B**

**अनुभाग – I**

**SECTION – I**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 5 = 20**

Answer any **five** of the following questions :

4. "1813 की पाँचवीं रिपोर्ट भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के स्वरूप पर ब्रिटिश संसद में गंभीर वाद-विवाद का आधार बनी ।" तथ्यों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **4**

"The Fifth Report of 1813 became the basis of intense Parliamentary debates on the nature of the East India Company's rule in India." Justify the statement with evidence.

5. मौर्य साम्राज्य को जानने के लिए प्रयोग किए गए स्रोतों का उल्लेख कीजिए । **4**

Mention the sources to know about Mauryan Empire.

6. इब्न बतूता कौन था ? उसने उपमहाद्वीप के शहरों को व्यापक अवसरों से भरपूर किस प्रकार पाया ? **1 + 3**

Who was Ibn-Batuta ? How did he find cities in the subcontinent full of exciting opportunities ? Explain.

7. 16वीं और 17वीं शताब्दियों में मुग़ल साम्राज्य के दौरान जंगलवासियों और जनजातियों के जीवन की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । **4**

Explain the characteristic features of the life of forest-dwellers and tribes during Mughal Empire in $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries.

8. "जन्म और पुनर्जन्म का चक्र कर्म के द्वारा निर्धारित होता है ।" इस कथन के संदर्भ में जैन शिक्षाओं पर प्रकाश डालिए । **4**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

"The cycle of birth and rebirth is shaped through Karma." In the light of the above statement highlight the teachings of Jainism.

9. भारत के लिए कैबिनेट मिशन द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों का वर्णन कीजिए । **4**

Describe the provisions suggested by the Cabinet Mission for India.

**अनुभाग – II**

**SECTION – II**

**मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)**

**Value Based Question (Compulsory)** **4 × 1 = 4**

10. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"बीसवीं सदी में राष्ट्रवादी आंदोलन को 1857 के घटनाक्रम से प्रेरणा मिल रही थी । इस विद्रोह के इर्द-गिर्द राष्ट्रवादी कल्पना का एक विस्तृत दृश्य जगत बुन दिया गया था । इसको प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में याद किया जाता था जिसमें देश के हर तबक्के के लोगों ने साम्राज्यवादी शासन के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ी थी ।"

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) ने धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों को किस प्रकार कायम रखा ? इस अनुच्छेद के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

Read the following passage and answer the question that follows :

"The National Movement in the twentieth century drew its inspiration from the events of 1857. A whole of nationalist imagination was woven around the revolt. It was celebrated as the First War of the Independence in which all sections of the people of India came together to fight against imperial rule".

How did the First War of Independence (1857) uphold the secular and democratic values ? Explain in context to the passage.

**खण्ड – ग**

**PART – C**



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

## Long Answer Questions

**8 × 3 = 24**

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

Answer **all** the questions given below :

11. '1920 का असहयोग आंदोलन स्वशासन के लिए एक प्रशिक्षण था ।' स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'भारत की संविधान सभा में तीन सौ सदस्य थे । इनमें से कुछ सदस्यों की भूमिका बहुत अहम् रही ।' उदाहरणों सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । **8**

'Non Cooperation Movement of 1920 was training for Self-rule.' Explain.

**OR**

'The Constituent Assembly of India had 300 members, of these few played very important roles.' Support your answer with evidences.

12. विजयनगर के महानवमी डिब्बा की विशिष्ट विशेषताओं की परख कीजिए ।

**अथवा**

विजयनगर साम्राज्य के मंदिरों के स्थापत्य पहलुओं का विश्लेषण कीजिए । **8**

Examine the distinctive features of the Mahanavami Dibba of Vijaynagara.

**OR**

Analyse the architectural aspect of the Temples of the Vijaynagara empire.

13. महाभारत प्राचीन भारत में पारिवारिक मूल्यों और विवाह की प्रथाओं को जानने के लिए किस प्रकार एक अच्छा स्रोत है ? अपने उत्तर की पुष्टि में उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

**अथवा**

महाभारत को हम एक गतिशील ग्रन्थ क्यों कहते हैं ? महाभारत का आलोचनात्मक संस्करण तैयार करने में शामिल प्रक्रियाओं को स्पष्ट कीजिए । **4 + 4 = 8**

How is Mahabharata a good source to study the kinsfolk values and systems of marriages of ancient times ? Cite examples to support your answer.

**OR**



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Why do we call Mahabharata 'A Dynamic Text' ? Explain the processes involved in preparing the critical edition of the Mahabharata.

**खण्ड – घ**

**PART – D**

**(स्रोत आधारित प्रश्न)**

**(Source Based Questions)** **7 × 3 = 21**

14. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**एक देहाती शहर ?**

मद्रास के बारे में इम्पीरियल गज़ेटियर, 1908 में छपे इस अंश को पढ़िए :

..... बेहतर यूरोपीय आवास परिसरों के बीच बनाए जाते हैं जिससे उनकी छवि लगभग पार्क जैसी बन जाती है : और इनके बीच तकरीबन गाँवों की तर्ज पर चावल के खेत आते-जाते रहते हैं । यहाँ तक कि ब्लैक टाउन और ट्रिप्लीकेन जैसी सबसे घनी आबादी वाली देशी बस्तियों में भी वैसी भीड़-भाड़ नहीं दिखती जैसी बहुत सारी दूसरे शहरों में दिखाई देती है ..... ।

(14.1) मद्रास में यूरोपीय आवास परिसरों की कोई तीन विशेषताएँ बताइए । **3**

(14.2) व्हाइट टाउन, ब्लैक टाउन से किस प्रकार अलग थे ? **2**

(14.3) मद्रास किस प्रकार शहरी क्षेत्र में परिवर्तित हुआ ? स्पष्ट कीजिए । **2**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**A rural city ?**

Read this excerpt on Madras from the *Imperial Gazetteer*, 1908 :

…the better European residences are built in the midst of compounds which almost attain the dignity of parks; and rice-fields frequently wind in and out between these in almost rural fashion. Even in the most thickly peopled native quarters such as Black Town and Triplicane, there is little of the crowding found in many other towns.....

(14.1) Give any three features of European residences in Madras.

(14.2) How were White town different from Black town ?

(14.3) How did Madras transform into Urban area ? Explain.

15. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

बहुत समय पश्चात 1947 में आर.ई.एम. व्हीलर ने जो भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के तत्कालीन डायरेक्टर जनरल थे, इन पुरातात्विक साक्ष्यों का उपमहाद्वीप में ज्ञात प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद के साक्ष्यों से संबंध स्थापित करने का प्रयास किया । उन्होंने लिखा :

ऋग्वेद में पुर शब्द का उल्लेख है जिसका अर्थ है प्राचीर, किला या गढ़ । आर्यों के युद्ध के देवता इंद्र को पुरंदर, अर्थात् गढ़-विध्वंसक कहा गया है ।

ये दुर्ग कहाँ हैं..... या थे ...... ? पहले यह माना गया था कि ये मिथक मात्र थे ..... हड़प्पा में हाल में हुए उत्खननों ने मानो परिदृश्य बदल दिया है । यहाँ हम मुख्यतः अनार्य प्रकार की एक बहुत विकसित सभ्यता पाते हैं जिसमें अब प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल किलेबंदियाँ की गई थीं ...... यह सुदृढ़ रूप से स्थिर सभ्यता कैसे नष्ट हुई ? हो सकता है जलवायु संबंधी, आर्थिक अथवा राजनीतिक ह्रास ने इसे कमज़ोर किया हो, पर अधिक संभावना इस बात की है कि जानबूझकर तथा बड़े पैमाने पर किए गए विनाश ने इसे अंतिम रूप से समाप्त कर दिया । यह मात्र संयोग ही नहीं हो सकता कि मोहनजोदड़ो के अंतिम चरण में आभास होता है कि यहाँ पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों का जनसंहार किया गया था । पारिस्थितिक साक्ष्यों के आधार पर इंद्र अभियुक्त माना जाता है ।

आर.ई.एम. व्हीलर, हड़प्पा 1946, एंशिएंट इंडिया (जर्नल) 1947 से उद्धृत ।

(15.1) आर.ई.एम. व्हीलर ने अपने पुरातात्विक साक्ष्यों को ऋग्वेद से किस प्रकार संबंधित किया ? **2**

(15.2) हड़प्पा में हाल में हुए उत्खननों ने दुर्ग के मिथ्य के परिदृश्य किस प्रकार बदल दिए ? **2**

(15.3) हड़प्पा के पतन के लिए पुरातत्वविदों द्वारा वर्णित संभावित कारणों का उल्लेख कीजिए । **3**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

Much later, in 1947, R.E.M. Wheeler, then Director-General of the ASI tried to correlate this archaeological evidence with that of the *Rigveda*, the earliest known text in the subcontinent. He wrote :

The *Rigveda* mentions *pur*, meaning rampart, fort or stronghold. Indra, the Aryan war-god is called *puramdara*, the fort-destroyer.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

Where are – or were – these citadels ? It has in the past been supposed that they were mythical… The recent excavation of Harappan may be thought to have changed the picture. Here we have a highly evolved civilization of essentially non-Aryan type, now known to have employed massive fortifications… What destroyed this firmly settled civilization ? Climatic, economic or political deterioration may have weakened it, but its ultimate extinction is more likely to have been completed by deliberate and large-scale destruction. It may be no mere chance that at a late period of Mohenjodaro men, women and children, appear to have been massacred there. On circumstantial evidence, Indra stands accused.

From R.E.M. Wheeler, "Harappa 1946", Ancient India, 1947.

(15.1) How did R.E.M. Wheeler correlate his archaeological evidence with Rigveda ?

(15.2) How has recent excavations at Harappa changed the mythical approach of citadels.

(15.3) State the possible causes described by the archaeologist for the decline of Harappa.

16. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**अनुष्ठान और यथार्थ संसार**

यह बासवन्ना द्वारा रचित एक वचन है :

जब वे एक पत्थर से बने सर्प को देखते हैं तो उस पर दूध चढ़ाते हैं यदि असली साँप आ जाए तो कहते हैं "मारो–मारो" । देवता के उस सेवक को, जो भोजन परसने पर खा सकता है वे कहते हैं "चले जाओ ! चले जाओ ।" किन्तु ईश्वर की प्रतिमा को जो खा नहीं सकती, वे व्यंजन परोसते हैं ।

(16.1) "लिंगायत अद्वैतिक संसार में विश्वास रखते हैं ।" स्पष्ट कीजिए । **2**

(16.2) यह धार्मिक आंदोलन किस प्रकार एक सुधारक आंदोलन है ? **2**

(16.3) बासवन्ना इस वचन में क्या प्रतिबिंबित करने की कोशिश कर रहे हैं ? स्पष्ट कीजिए । **3**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Rituals and the real world**

Here is a *vachana* composed by Basavanna :

When they see a serpent carved in stone they pour milk on it. If a real serpent comes they say : "Kill. Kill". To the servant of the god who could eat if served they say : "Go away ! Go away !" But to the image of the god which cannot eat they offer dishes of food.

(16.1) 'Lingayatas believe in Monotheistic world.' Explain.

(16.2) How is this religious movement a reform movement ?

(16.3) What Basavanna is trying to reflect in this vachana ? Explain.

**खण्ड – ङ**

**PART – E**

**मानचित्र प्रश्न / Map Question**

17. (17.1) भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये तथा उनके नाम लिखिए : **2 + 3 = 5**

(a) कालीबंगन – विकसित हड़प्पा स्थल

(b) अजमेर – मुग़लों का अधीनस्थ क्षेत्र

(17.2) भारत के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के तीन महत्त्वपूर्ण केन्द्र A, B और C अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए ।

(17.1) On the given political outline map of India locate and label the following with appropriate symbols :

(a) Kalibangan – the mature Harappa site

(b) Ajmer – the territory under Mughals

(17.2) On the same outline map of India, three places related to the Indian National Movement have been marked as A, B and C. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर है :

(17.1) मुग़ल साम्राज्य के किसी एक राजधानी शहर का नाम लिखिए । **1**

(17.2) किसी एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल का नाम लिखिए । **1**

(17.3) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण स्थानों का उल्लेख कीजिए । **3**

**Note :** The following questions are for the **visually-impaired candidates** only in lieu of Q. No. **17**.

(17.1) Name any one capital city of Mughal Empire.

(17.2) Name any one Mature Harappan site.

(17.3) Mention any three places related with Indian National Movement.




Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. 17 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 17

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**
**Outline Map of India (Political)**






Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE